## खबर संक्षेप

### वाहन चालकों पर कार्यवाही कर वसूले 3600 रूपए

**कटनी।** यातयात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों पर माधवनगर पुलिस ने चालानी कार्यवाही की। थाना प्रभारी अनूप सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार जांच अभियान चलाया जा रहा है। दोपहिया वाहन व चार पहिया वाहन चालक के द्वारा नियमो का उलंघन कर रहे उनपर चलानी कार्यवाही की जा रही है , चार पहिया वाहन चालक बिना शीट बेल्ट के वाहन चला रहे है और दो पहिया वाहन चालक मे 3 सवार होकर चल रहे , और बिना लाइसेंस , हेलमेट , बीमा के वाहन चला रहे है उनको यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश दी जा रही है। नियमों का पालन नहीं करने वालों पर चालानी कार्यवाही की जा रही है। पुलिस ने बताया कि जांच अभियान के दौरान लगभग 10 चालान काटे गए , जिसमे 7 मोटर साइकिल और 3 चार पहिया वाहन के चालान काटे जिसमें लगभग 3600 रुपये का समन शुल्क वसूल किया गया। कार्यवाही माधव नगर थाना प्रभारी अनूप सिंह के निर्देश पर एएसआई नरेंद्र सिंह बघेल के द्वारा की जा रही है। यह कार्यवाही निरंतर की जायेगी।

### जिला स्तरीय दूरसंचार समिति की बैठक कल

**कटनी।** कॉल बिफोर यू डिंग के संबंध मे प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु जिला स्तरीय दूरसंचार समिति की बैठक सोमवार 8 जुलाई 2024 को टी.एल बैठक उपरांत कार्यालय कलेक्ट्रेट के नवीन सभाकक्ष मे आयोजित की गई है। अपर कलेक्टर द्वारा आयोजित बैठक में समिति के सदस्यों सहित दूरसंचार विभाग भारत सरकार के जिला प्रतिनिधि से उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा कॉल बिफोर यू डिग एप्लिकेशन विकसित किया गया है जिसका उद्देश्य किसी खुदाई गतिविधि के दौरान ओएफसी अथवा बिजली की केबल, पानी अथवा गैस पाईप लाइन जैसी भूमिगत अवसंरचनाओं को होने वाले नुकसान से रोकना है। उत्खनन कार्यों में कॉल बिफोर यू डिंग के अधिकतम उपयोग हेतु जिला स्तरीय दूरसंचार समिति कॉल बिफोर यू डिंग द्वारा नियमित समीक्षा किये जाने का लेख किया गया है। समिति की समीक्षा बैठकों में दूरसंचार/आरओ डब्लयू से संबंधित अन्य मुद्दों के साथ-साथ कॉल बिफोर यू डिंग के उपयोग से संबंधित एजेण्डा बिन्दु को भी शामिल कर सुझाव दिया जायेगा।

### पीएम आवास योजना में अनियमितता बरतने पर सचिव निलंबित

**ढीमरखेड़ा।** प्रधानमंत्री आवास योजना में अनियमितता बरतना ढीमरखेड़ा जनपद की बरेली बार ग्राम पंचायत के सचिव को भारी पड़ गया है। जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत ने पंचायत सचिव वीरू पाण्डेय को निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि तक सचिव को जनपद पंचायत अटैच किया गया। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शिवकुमार पिता छोटे लाल रजक का नाम पात्रता सूची में आया। पंचायत सचिव वीरू पांडेय ने उसी नाम के दूसरे व्यक्ति शिवकुमार पिता सुमेरा को अनुचित तरीके से लाभ दे दिया। एक लाख बीस हजार रुपये की राशि का भुगतान भी गलत तरीके से कर दिया। शिवकुमार रजक की शिकायत के बाद जांच में खुलासा हुआ। ढीमरखेड़ा जनपद सीईओ के प्रतिवेदन के आधार पर जिला पंचायत सीईओ ने पंचायत सचिव पर कार्रवाई किया है।

### दिव्यांग खिलाड़ी को मिली स्पोर्ट व्हील चेयर

**कटनी।** जिले के ग्राम तेवरी निवासी शुभम विश्वकर्मा 80 फीसदी अस्थिबाधित दिव्यांग हैं एवं स्पोर्ट व्हीलचेयर क्रिकेटर हैं । इनका चयन मप्र व्हीलचेयर क्रिकेट टीम में एक आलराउंडर खिलाड़ी के रूप में महसाना गुजरात क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए हुआ था। लेकिन इनके पास स्पोर्ट व्हीलचेयर न होने की वजह से ये टूर्नामेंट में हिस्सा ले पाने को लेकर सशंकित थे। कलेक्टर की पहल से स्पोर्ट व्हील चेयर प्रदान की गई।

### नियमों को दरकिनार कर जिले में हो रहा अवैध उत्खनन और ओवरलोड परिवहन

# अवैध परिवहन पर सख्त कार्यवाही दो वाहनों पर ढाई लाख का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर अवि प्रसाद के खनिज गौण के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के मामलों में गंभीरता से कार्यवाही करने के दिए गए निर्देश पर खनिज विभाग द्वारा नियमित निगरानी और नजर रखी जाकर खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के मामलों पर जिला प्रशासन द्वारा निरंतर कड़ी कार्यवाही की जा रही है। जिसके परिणामस्वरूप गत दिवस ओव्हर लोड रेत के अवैध परिवहन के मामले में जप्त किये गए दो वाहन से 2 लाख 56 हजार 25 रूपये का प्रशमन शुल्क जमा कराया जाकर वाहन मुक्त करने की कार्यवाही की गई।

जिला खनिज अधिकारी नें बताया कि ग्राम चाका बाईपास मे आकस्मिक जांच के दौरान हाईवा वाहन क्रमांक एमपी 21 एच 1906 से अनावेदक परिवहनकर्ता वाहन चालक, मालिक लवकुश यादव पिता लल्लू यादव निवासी बड़वारा जिला कटनी वाहन मालिक विकाश जैन निवासी पिपरौंध द्वारा 13 घनमीटर मिट्टी का अवैध परिवहन करते पाया गया। जिस पर खनिज विभाग द्वारा वाहन जप्त किया जाकर मप्र खनिज गौण नियम के तहत कार्यवाही प्रस्तावित की जाकर अनावेदक को निर्धारित प्रशमन शुल्क की राशि 2 लाख 24 हजार 4000 रूपये जमा करनें का सूचना पत्र जारी किया गया।

इसी प्रकार एक अन्य प्रकरण में 18 जुलाई 2024 का ग्राम कांटी मोड में आकस्मिक निरीक्षण के लाल रंग के बिना वाहन नंबर के ट्रेक्टर वाहन इंजन नंबर आरएनएफ5एनकेएन2918 मय ट्राली से अनावेदक परिवहनकर्ता वाहन चालक, मालिक नीरज केवट पिता रधु केवट निवासी हिनौता द्वारा 3 घनमीटर रेत का अवैध परिवहन करते पाया गया। जिस पर खनिज विभाग द्वारा वाहन जप्त किया जाकर मध्यप्रदेश खनिज गौण नियम के तहत कार्यवाही प्रस्तावित की जाकर अनावेदक को निर्धारित प्रशमन शुल्क की राशि 31 हजार 625 रूपये जमा करनें का सूचना पत्र जारी किया गया। उक्त दौनों ही प्रकरणों मे सूचना पत्र जारी होने के पश्चात अनावेदकों द्वारा उपस्थित होकर प्रशमन शुल्क की जमा करनें की बात कही जाकर वाहन मुक्त करने का अनुरोध किये जाने पर जिला खनिज अधिकारी द्वारा दोनों अनावेदकों पर निर्धारित प्रशमन शुल्क की राशि कुल 2 लाख 56 हजार 25 रूपये जमा कराया जाकर प्रकरण विधि संगत कार्यवाही हेतु कलेक्टर अवि प्रसाद के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

कलेक्टर द्वारा प्रशमन शुल्क की राशि जमा कर दिये जाने पर जप्त खनिज, औजार, मशीनरी एवं अन्य सामग्री निर्मुक्त करनें के प्रावधान के अंतर्गत जप्त वाहन को मुक्त करने की कार्यवाही की गई।



# दो चोर गिरफ्तार, केबिल व सबमर्सिबल पंप बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

### बाकल पुलिस ने चोरो को किया गिरफ्तार

खेत में लगा सबमर्सिबल पंप एवं केबिल चोरी करने वाले दो आरोपितों को बाकल पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनो के पास से चोरी की सामग्री भी बरामद की गई है। थाना प्रभारी एसआई अनिल यादव ने बताया कि थाना अंतर्गत ग्राम पटिराजा हार से अज्ञात चोरों द्वारा समर्शियल पंप केबल वायर व अन्य सामग्री चोरी के मामले में दो चोरो को पकड़ा गया है। दोनो से चोरी की सामग्री बरामद की गई है जिसकी कीमत 85000 रुपए आंकी गई है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस स्लीमनाबाद के दिशा निर्देश पर चोरों के विरुद्ध टीम गठित कर तुरंत कार्रवाई हेतु मुखबिर तंत्र को सतर्क किया गया। मुखबिर की मदद से प्रकरण में संदेही इंदल लोधी , महेन्द्र लोधी दोनों निवासी पटिराजा से रस्सा एवं समर्शियल पंप केबल वायर अन्य सामग्री चोरी करना बताया। उक्त दोनों आरोपी से रस्सा समर्शियल पंप पंप केबल वायर बरामद किया गया है। कार्यवाही में थाना प्रभारी एसआई अनिल यादव, प्रआ अवधेश मिश्रा , राजभान पटेल , अजय कलमे , इंद्रभान मर्सकोले, बुद्धू कुमार शामिल रहे।

### आबकारी अमले ने आधा दर्जन स्थानों में की कार्यवाही

# एक लाख रूपए की अवैध मदिरा और शराब जब्त, 21 प्रकरण किये गए दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर जिले में मदिरा के अवैध संग्रहण परिवहन विक्रय एवं भंडारण करने वालों के विरूद्ध अभियान चलाकर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जा रही है।

जिला आबकारी अधिकारी श्री बघेल ने जानकारी देते हुए बताया कि अवैध मदिरा के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत विगत दिवस आबकारी वृत्त कटनी कमांक 02 कटनी क्रमांक 01, स्लीमनाबाद, बड़वारा के ग्राम तेलियनपार, आधारकाप, लमतरा फाटक, नैगवां, भठिया मोहल्ला, तेवरी, शंकरजी भठिया, करैंदीकलां, करौंदी, करेला, ददरा टोला, में अवैध रुप से मदिरा का निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय में संलिप्त व्यक्तियों के यहां दबिश दी गई।

आबकारी विभाग की टीम द्वारा दबिश के दौरान की गई कार्यवाही में कुल 21 न्यायालयीन प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 के तहत पंजीबद्ध किये गये। दबिश के दौरान 900 किलोग्राम महुआ लाहन, 121 लीटर हाथ भट्टी मदिरा, 36 पाव देशी मदिरा, को मौके पर जप्त किया जाकर महुआ लाहन का सैंपल लेते हुए मौके पर ही नष्ट करनें की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान जब्त की गई मदिरा तथा लाहन की अनुमानित राशि लगभग 1 लाख 11 हजार रुपये है। कार्यवाही के दौरान उपनिरीक्षक अभिषेक सिंह बघेल, केशव प्रसाद उईके, एस.डी. सिंह, मोना दुबे, आबकारी आरक्षक राम सिंह, राजेश गौटिया देवेन्द्र प्यासी सम्मिलित रहे। आबकारी अधिकारी ने बताया कि अवैध मदिरा के संग्रहण परिवहन विक्रय निर्माण रोकथाम हेतु इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

### पशु चिकित्सालय में निःशुल्क रैबीज वैक्सीनेशन शिविर



शनिवार को विश्व जूनोटिक रोग दिवस के अवसर पर झिंझरी स्थित जिला पशु चिकित्सालय में नि :शुल्क रेबीज वैक्सीनेशन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मनुष्यों या अन्य पालतू पशुओं में होने वाले जूनोटिक रोग रेबीज का नि :शुल्क प्रतिबंधात्मक टीकाकरण/वैक्सीनेशन स्वान एवं बिल्लियों किया गया। यह शिविर ब्रिलियंट बायो फार्मा के सहयोग से आयोजित किया गया। वरिष्ठ पशु चिकित्सक डाक्टर आर .के .सोनी ने बताया कि रेबीज रोग संक्रमण एक जूनोटिक (पशुओं से मनुष्यों में एवं मनुष्यों से पशुओं में फैलने वाले रोग) रोग है। पशुओं में यह विशेष रूप से कुत्ते, बिल्लियों, बंदरों, जंगली जानवर मे मुख्य रूप से पाया जाता है। यह रोग संक्रमित कुत्तों, बिल्लियों के काटने से फैलने वाला अत्यंत धातक, जानलेवा व लाइलाज रोग होता है। इस रोग से संक्रमित कुत्तों एवं बिल्लियों, बंदरों, लकड़बग्घों के द्वारा मनुष्यों या अन्य पालतू पशुओं गायों, भैंसों, भेड़ बकरियों, घोड़ों को काटे जाने पर ये भी संक्रमण का शिकार हो जाते हैं। जिससे इनकी मृत्यु हो जाती है।

# 3 दिन तक चले कार्यक्रम में विद्यार्थियों को दी गई विभिन्न योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलौड़ी



शासकीय महाविद्यालय सिलौंडी उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार तीन दिनों तक तक नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक तीन दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं को शासन की विभिन्न हितग्राही योजनाओं की जानकारी विषय चयन खेलकूद गतिविधियों के संबंध में पुस्तकालय प्रयोगशाला एवं महाविद्यालय कैंपस का भ्रमण करते हुए समस्त स्टाफ का परिचय दिलाया गया। इसी के साथ-साथ वृक्षारोपण का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। दीक्षारंभ में कार्यक्रम का मूल उद्देश्य छात्रों को रोजगार मूलक शिक्षा प्रदान करना उद्देश्य है उक्त कार्यक्रम प्राचार्य रतिराम अहिरवार के निर्देशन में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। समापन सत्र में सरपंच ग्राम पंचायत नेगई महाविद्यालय स्टाफ प्रवेश नोडल अधिकारी डॉ रविता सिंह कॉलेज चलो अभियान नोडल अधिकारी डॉक्टर नीता मिश्रा स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ प्रभारी डॉक्टर अंकुर कुमार एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर लक्ष्मी प्रसाद बागरी किदाधिकारी चंदन यादव ग्रंथपाल नवीन कलबंधे, पंकज मिश्रा डॉ हेमंत कुमार चौरसिया डॉ सुदीप जाना श्रीमती अभिलाषा दवंडे रश्मि सिंह, भूपेंद्र कुमार शुक्ला आदि के साथ-साथ पूर्व छात्र छात्राओं सहित अन्य ग्रामीण जनों की उपस्थिति रही।

### 27 जुलाई को होगी पर्यटन क्विज प्रतियोगिता

# सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहरों से होंगे रूबरू, 3 श्रेष्ठ टीमों का होगा चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा प्रदेश के समृद्धिशाली इतिहास परम्पराओंए ऐतिहासिक धरोहर सांस्कृतिक विविधताओं कलाए प्राकृतिक समृद्धि महापुरुषों पर्यटन महत्व की संभावनाओं आदि से छात्रों को अवगत कराने तथा पर्यटन के माध्यम से जागरूक करने के उद्देश्य से पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन 27 जुलाई को किया जाएगा।

कलेक्टर अवि प्रसाद ने जिले के छात्रों से इस क्विज प्रतियोगिता में उत्साह पूर्वक भागीदारी करने अधिकाधिक पंजीयन करने की अपील की है। कलेक्टर ने इस पर्यटन क्विज प्रतियोगिता के सफल संचालन हेतु शिशिर गेमावत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।ए साथ ही कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी पृथ्वीपाल सिंह को पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का प्रभारी अधिकारी एवं डॉ सचिन श्रीवास्तव माध्यमिक शिक्षक को पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का क्विज मास्टर नियुक्त किया है। इन सभी अधिकारियों को मण्प्रण टूरिज्म बोर्ड द्वारा प्रदाय निर्देशों के अनुपालन में कार्यवाही सुनिश्चित करने कलेक्टर श्री प्रसाद ने निर्देशित किया है।

पर्यटन क्विज प्रतियोगिता से संबंधित विस्तृत जानकारी जिला पंचायत कार्यालय और जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकेगी।

पंजीयन मप्र टूरिज्म बोर्ड की वेबसाइट में इस क्विज प्रतियोगिता में शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के कक्षा 9 वीं से 12 वीं के छात्र.छात्राएं भाग से सकेंगे। इसमे लिखित परीक्षा वस्तुनिष्ठ प्रश्नमाला एवं मल्टीमीडिया क्विज प्रतियोगिता के माध्यम से 03 श्रेष्ठ विद्यार्थियों की टीम का चयन किया जाएगा। टीम का पंजीयन 8 जुलाई तक मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड की वेबसाइट पर ऑनलाइन किया जा सकेगा। 8 जुलाई को शाम 5.30 बजे के बाद पोर्टल स्वतः बंद हो जाएगा। प्रतियोगिता के प्रथम चरण के लिए प्रातः 9 से 10 बजे तक पंजीयन 10 बजे से 12 बजे तक लिखित प्रतियोगिता होगी।

इसमें 06 सर्व श्रेष्ठ टीमों का चयन द्वितीय चरण के लिए होगा। द्वितीय चरण में दोपहर 2.30 से 4.30 बजे तक क्विज प्रतियोगिता मल्टी मीडिया में शामिल 6 टीमों ;18 विद्यार्थियोद्ध में से 3 टीमों का चयन होगा जो जिले कि टाप 3 विजेता टीम कहलाएगी।

जिले की प्रथम तीन विजेता टीमों को राज्य पर्यटन विकास निगम के होटलों में 2 रात्रि 3 दिन तथा शेष 3 उपविजेता टीमों को 1 रात्रि 2 दिन ठहरने के लिए कूपन व शेष को प्रमाण पत्र दिए जाएंगे।

### जगन्नाथ मंदिर से प्रारंभ हुई रैली विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी

# जय जगन्नाथ के जयघोष के साथ निकली वाहन रैली, शोभायात्रा आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जगन्नाथ चौराहे स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर से शहर में शनिवार शाम वाहन रैली निकाली गई। महिला शक्ति की अगुवाई में निकाली गई वाहन रैली शहीद द्वार, बरही नाका, बरही रोड, घंटाघर, कपड़ा बाजार, आजाद चौक होते हुए दोबारा जगन्नाथ चौक पहुंची जहां पर रैली का समापन किया गया। वाहन रैली में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही। जय जगन्नाथ के जयघोष के साथ नगर के विभिन्न मार्गों से होकर रैली गुजरी। आज 7 जुलाई को हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथ यात्रा निकाली जाएगी। इस साल भगवान जगन्नाथ स्वामी का 142वां रथ यात्रा महोत्सव मनाया जा रहा है। इसी के उपलक्ष्य में शनिवार शाम रैली का आयोजन किया गया है।

भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी की रथ यात्रा महोत्सव को लेकर व्यापक तैयारियां की गई हैं। रथ यात्रा का आयोजन भव्यता पूर्वक करने के लिए मंदिर कमेटी के द्वारा हफ्ते भर पूर्व से ही तैयारियां शुरू कर दी गई थी।

आयोजन समिति ने बताया कि आज 7 जुलाई को शाम 5 बजे जगन्नाथ महाप्रभु की रथ यात्रा की 1100 दीपों से आरती की जाएगी यात्रा जगन्नाथ मंदिर चौक से प्रारंभ होगी जिसमें विभिन्न प्रकार की झांकियां, महिला अखाड़े एवं श्यामा श्याम भजन मंडली द्वारा भजन प्रस्तुत करते हुए यात्रा आजाद चौक, शेर चौक, जवाहर चौक, सुभाष चौक से होकर राधा कृष्ण मंदिर सब्जी मण्डी पहुंचेगी।

#### राधा कृष्ण मंदिर में आज भजनों का कार्यक्रम होगा

8 जुलाई से 13 जुलाई तक प्रतिदिन शाम 6 से श्री राधा कृष्ण मंदिर सब्जी मंडी में अनेक भजन मंडलियों द्वारा सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। मंदिर कमेटी के सदस्यों ने सभी धर्म प्रेमी जनों से आग्रह किया है की प्रतिदिन भजन संध्या में पहुंच कर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त करें। जगन्नाथ मंदिर से माता जानकी का रथ 4 बजे श्री राधा कृष्णा मंदिर सब्जी मंडी महा प्रभु को मनाने पहुंचेगी। 15 जुलाई दिन सोमवार शाम 6 बजे शोभा यात्रा वापस श्री राधा कृष्ण मंदिर सब्जी मंडी से प्रारंभ होगी जिसमें विभिन्न प्रकार की झांकियां, महिला अखाड़े, एवं बजरंग बाल रामायण मंडल द्वारा भजन प्रस्तुत करते हुए शोभायात्रा स्टेशन रोड से सुभाष चौक होते हुए जवाहर चौक, शेर चौक, आजाद चौक से वापस श्री जगन्नाथ स्वामी मंदिर पहुंचेगी।

#### 18 जुलाई को भंडारा

17 जुलाई दिन बुधवार शाम 7 बजे से श्री जगदीश स्वामी मंदिर प्रांगण में भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। 18 जुलाई दिन गुरुवार समय सुबह 12 बजे से विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का महाप्रभु जगन्नाथ को भोग लगा कर महाभंडारे के प्रसाद को वितरण किया जायेगा। धर्मप्रेमियों से आयोजन में पहुंचने अपील की है।

# मुड़वारा होकर गुजरेगी स्पेशल ट्रेन, मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रेल प्रशासन ने अमरनाथ यात्रियों विशेषकर जबलपुर के आस-पास के क्षेत्र वासियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तथा अतिरिक्त यात्री यातायात क्लियर करने के उद्देश्य से गाड़ी संख्या 01707/01708 जबलपुर-श्रीमाता वैष्णौ देवी कटरा-जबलपुर के मध्य 04-04 ट्रिप अमरनाथ यात्रा स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह गाड़ी पमरे के जबलपुर से प्रस्थान कर कटनी मुड़वारा, दमोह एवं सागर स्टेशन पर हाल्ट लेकर गन्तव्य को जाएगी। रेलयात्री 08 जुलाई 2024 से किसी भी कंप्यूटरीकृत आरक्षण केंद्र या ऑनलाइन आईआरसीटीसी की वेबसाइट से इस ट्रेन की आरक्षण सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

गाड़ी संख्या 01707 जबलपुर-श्रीमाता वैष्णौ देवी कटरा स्पेशल ट्रेन दिनांक 15.07.2024 से 05.08.2024 तक प्रत्येक सोमवार को जबलपुर स्टेशन से 06:00 बजे प्रस्थान कर कटनी मुड़वारा 07:20 बजे, दमोह 08:45 बजे, सागर 09:45 बजे और मंगलवार को दोपहर 12:15 बजे श्रीमाता वैष्णौ देवी कटरा स्टेशन पहुँचेगी।

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01708 श्रीमाता वैष्णौ देवी कटरा-जबलपुर स्पेशल ट्रेन दिनांक 16.07.2024 से 06.08.2024 तक प्रत्येक मंगलवार को श्रीमाता वैष्णौ देवी कटरा

स्टेशन से सायं 18:10 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन सायं सागर 17:55 बजे, दमोह 19:00 बजे,, कटनी मुड़वारा 21:10 बजे और बुधवार को रात्रि में 23:25 बजे जबलपुर स्टेशन पहुँचेगी।

## खबर संक्षेप

### नगर की विभिन्न मांगों को पूर्ण करने अध्यक्ष को लिखा पत्र

**बरही।** नगर परिषद के वार्ड नंबर एक की कांग्रेस पार्षद श्रीमती प्रज्ञा अजय वर्मा ने नगर की विभिन्न मांगों को लेकर नगर परिषद के अध्यक्ष पीयूष अग्रवाल को पत्र लिखा है। साथ ही नगर के निम्नांकित कार्य अतिशिर्घ करायें जाने की अनुशंसा की जाये नगर में वर्तमान विभिन्न कार्य आपेक्षित है जिसमें बस स्टैंड में राष्ट्र ध्वज लगाना अतिशिर्घ लगवाना, नवीन बस स्टैंड में शुलभ शौचालय का निर्माण कराना, परिषद की अवश्यक बैठक का आयोजन अतिशिर्घ करवाना, वर्षाकाल के दौरान नगर में वृक्षारोपण अभियान करवाया जाये। श्रवण मास के दौरान विजयनाथ मंदिर प्रांगण में प्रतिदिन साफ-सफाई करवाया जाये, नगर के पुराने तालाब में वर्षा जल आगमन हेतु व्यवस्थित मार्ग प्रशस्त करना, नगर में घूमने वाले फालतू जानवरों को हांका गैंग से मुक्ति दिलवाया जाए। नगर में नियमित नाली सफाई एवं जल भराव वाले क्षेत्र में जल की निकासी व्यवस्था कराई जावे। जल भराव वाले क्षेत्र व गंदगी वाले क्षेत्र में दवाई का छिड़काव करवाया जाये। कीड़े मकोड़े व अन्य जीव जंतुओं से सुरक्षित के लिए प्रकाश व्यवस्था पर्याप्त होनी चाहिए नगर हित में पार्षद ने अनुरोध किया है।

### मासांत तक खरीफ फसल का बीमा करा सकेंगे किसान

**कटनी।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसान भाई कटनी जिले में एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के माध्यम से अपनी खरीफ फसलों का बीमा 31 जुलाई 2024 तक करा सकते है। ऋणी कृषकों का संबंधित वित्तीय संस्था के माध्यम से फसल बीमा किया जायेगा। अऋणी कृषक संबंधित बैंक से या बीमा अभिकर्ता अथवा सी.एस.सी के माध्यम से अपनी फसलों का बीमा करवा सकते है। उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास कटनी ने बताया कि खरीफ फसलों का बीमा कराने के लिये भू-अधिकार पुस्तिका या बी-1 ,आधार कार्ड, बैंक पास बुक की प्रमाणित प्रति तथा फसल बुआई प्रमाण पत्र के साथ विधिवत भरा हुआ प्रस्ताव पत्र अपने मोबाईल नम्बर के साथ प्रस्तुत करना होगा। ऋणी कृषक जो फसल बीमा योजना से बाहर होना चाहते है। उन्हे भी बीमांकन की अंतिम तिथि से 07 दिवस पूर्व अतरू24 जुलाई तक अपने संबंधित बैंक में अवश्य सूचित करें। फसल बीमा कराये जाने पर प्राकृतिक आग (आकाशीय बिजली गिरना), बादल फटना, तूफान, ओलावृष्टि, चक्रवात, बाढ़, जलभराव, भू-स्खलन , सूखा , कीट-व्याधियां इत्यादि से फसल नुकसान होने पर किसान भाई फसल बीमा का लाभ प्राप्त कर सकते है।

### विद्युत शिकायतों के निवारण हेतु शिविर

**कटनी।** विद्युत शिकायत निवारण शिविरो का आयोजन किया जा रहा है। आयोजित शिविर में उपभोक्ता अपने विधुत से सम्बंधित सभी प्रकार की शिकायतों का निराकरण करवा सकते है, उक्त शिविर प्रातः 11 बजे से 03 बजे तक ग्राम पंचायतो/ वितरण केन्द्र कार्यालय में आयोजित होंगे। आयोजित होने वाले तिथिवार विद्युत शिकायत निवारण शिविर के तहत वितरण केंद्र बसाडी मुख्यालय में 13 जुलाई, कांटी में 11 जुलाई मझगंवा में 9 जुलाई को शिविर आयोजित किया जायेगा। इसी तरह वितरण केंद्र खलवारा बाजार कैमोर के अंतर्गत झुकेही में 10 जुलाई मेहगंवा में 8 जुलाई लाल नगर में 12 जुलाई, नदावन में 10 जुलाई को शिविर आयोजित किया जायेगा। बडखेडा में 8 जुलाई , लखा पटोरी में 8 जुलाई, निवार में 6 जुलाई भनपुरा में 12 जुलाई, शाहपुरा में 10 जुलाई को शिविर आयोजित किया जायेगा। वितरण केंद्र बरही के अंतर्गत बरही में 10 जुलाई, करौंदी खुर्द में 12 जुलाई, गैरतलाई मुख्यालय में 8 जुलाई, सलैया में 14 जुलाई बकलेहटा में 12 जुलाई गुजरी में 8 जुलाई खमरिया में 10 जुलाई तथा वितरण केंद्र विजयराघवगढ के अंतर्गत बंजारी में 8 जुलाई वितरण केंद्र कन्हवारा के अंतर्गत कन्हवारा में 10 जुलाई देवराकला में 12 जुलाई वितरण केंद्र सिंगोडी के अंतर्गत सिंगोडी में शिविर आयोजित होगा।

## शनिवार को दिन भर रूक रूककर होती रही बारिश, जर्जर मार्गों में फजीहत

# सक्रिय हुआ मानसून, रिमझिम तो कहीं तेज बारिश से किसानों को भी मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिले में अब मानसून सक्रिय हो गया है। शनिवार को दिन भर रिमझिम व तेज बारिश का सिलसिला रूक रूक कर चलता है। बारिश के चलते उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत मिली है वहीं दूसरी ओर किसानों के लिए भी यह बारिश राहत भरी है। खेतों में खरीफ सीजन की फसल के लिए यह बारिश लाभकारी है। एक ओर जहां बारिश होने से आमजनों व किसानों को राहत मिली हैं वहीं दूसरी ओर बरसाती कीट पतंगों से परेशानी भी बढ़ गई है। शाम होते ही बिजली पोल एवं घरों में तरह तरह के कीटों का प्रकोप देखने को मिल रहा है। कई कीड़ों के काटने से तरह तरह के चर्म रोग भी हो रहे हैं वहीं कई जहरीले कीड़ों के काटने का भय बना रहता है। शहर के अपेक्षा ग्रामीण अंचलों में यह समस्या अधिक है। खेतों और बाड़ियों के चलते जहरीले जीव जंतुओं के काटने के मामले भी ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक होते हैं। दूसरी ओर बरसात के मौसम में बिजली की कटौती होने से समस्या और बढ़ जाती है। फाल्ट फ्यूज की समस्या के दौरान घंटों विद्युत आपूर्ति ठप रहती है। ग्रामीण अंचलों में जहां खेती बारी तथा वनीय क्षेत्र से गांव लगे हैं। जिले में बीते एक माह से सर्पदंश व जहरीले कीड़ों के काटने से कई लोगों की मौत भी हो चुकी है। अंधेरे की वजह से जीव जंतु नजर नहीं आते और लोगों को काट लेते हैं। वहीं रात्रि के समय बिजली नहीं होने से आवागमन में भी परेशानी होती है।

बारिश के इस मौसम में कच्चे और जर्जर मार्ग मुसीबत का सबब बन गये हैं। जर्जर मार्गों में जहां जगह जगह गडढों में पानी भरने से परेशानी है वहीं कच्चे मार्गों में दलदल की वजह से हादसे का डर बना रहता है। वाहन चालकों सहित राहगीरों की जरा सी चूक हादसे का सबब बन जाती है। छात्र छात्राओं को भी आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश होने से मिट्टी गीली हो जाती है जिससे फिसलन बढ़ जाती है ऐसे में आवागमन जोखिम भरा हो जाताहै ।

### जिले में अब तक 108.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज

जिले में 1 जून से 5 जुलाई तक कुल 108.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि गत वर्ष इसी अवधि में कुल 231.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 1 जून से शुक्रवार 5 जुलाई 2024 तक जिले के तहसीलवार वर्षा मापी केन्द्र कटनी मे 101.4 मिलीमीटर, रीठी में 103.2, बड़वारा में 77.0 मिलीमीटर, बरही में 97.0 मिमी, विजयराघवगढ़ में 89.6 मिमी, बहोरीबंद मे 114.9 मिलीमीटर स्लीमनाबाद में 133.4 मिलीमीटर, ढीमरखेड़ा 151.2 मिलीमीटर वर्षा वर्षामापी केन्द्र में दर्ज की गई है।



# महापौर ने रोशन नगर क्षेत्र का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

महापौर प्रीति संजीव सूरी द्वारा दिनांक 5 जुलाई को पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड के रोशन नगर एवं शनि मंदिर तालाब के क्षेत्र का निरीक्षण किया गया।तालाब में जलस्त्रोत के बारे में चर्चा की गई जिसमें जलप्रदाय के उपयंत्री द्वारा बताया गया कि तालाब के जलस्त्रोतों का पता लगाने हेतु सर्वे किया जाना आवश्यक है जिस पर महापौर द्वारा उक्त सर्वे कराये जाने के निर्देश दिये एवं आस पास क्षेत्र की बंद स्ट्रीट लाइट में सुधार किए जाने के निर्देश दिये। इसके उपरांत महापौर सूरी द्वारा हाल ही में वैध हुए रोशन नगर क्षेत्र का निरीक्षण कर स्थानीय लोगों की रोड नाली जैसी समस्याओं को समझते हुए कहा कि विकास कार्य शहर के प्रत्येक वार्ड में कराये जा रहे हैं किंतु हर गली में एक साथ एक समय में संभव नहीं है विकास कार्य प्रक्रियाओं के तहत कराये जाते है,मेरे द्वारा शहर के सभी क्षेत्र का हर दिन भौतिक निरीक्षण भी किया जाता है और प्राथमिकता के साथ अवश्य विकास कार्य आगे भी कराए जाएँगे। इस दौरान स्थानीय पार्षद सीमा श्रीवास्तव,उपयंत्री जेपी बघेल,मृदुल श्रीवास्तव एवं अन्य स्थानीय जनों की उपस्थिति रही।

## भाजपा कार्यालय में मनाई श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती

# प्रकृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए एक पेड़ मां के नाम के तहत रोपे पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 123वीं जयंती के अवसर पर शनिवार को जिला भाजपा कार्यालय में संगोष्ठी का आयोजन एवं वृक्षारोपण किया। संगोष्ठी का शुभारंभ भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रपट पर दीप प्रज्वलन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी एवं डॉ मुखर्जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा करते हुए उनके ऐतिहासिक बलिदान को याद किया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन कहा कि डॉ.मुखर्जी एक देश में दो निशान दो प्रधान और दो संविधान के प्रबल विरोधी थे। उनकी इच्छा थी कि जम्मू-कश्मीर में भी अन्य राज्यों की तरह समान कानून रहें। कश्मीर को भी देश के हिस्से की तरह देखा जाए। इसके लिए उन्होंने अपना बलिदान भी दिया।

मातृभूमि के लिए उनका समर्पण और त्याग देशवासियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा। इसके अलावा पूर्व जिलाध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी, वरिष्ठ नेता सुरेश सोनी, भंवर सिंह चौहान, श्रीमती गीता गुप्ता ने अपने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉ. मुखर्जी आज भी एकीकृत भारत के लिए राष्ट्रवाद की सर्वाधिक बुलंद आवाज के रूप में जाने जाते हैं। वे अंग्रेजों द्वारा संस्थागत ढांचे के माध्यम से थोपे गये सांप्रदायिक विभाजन को समाप्त करने के प्रबल समर्थक रहे। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा देश के लिए किए गए उनके योगदान एवं बलिदान को कभी भूला नहीं जा सकता।

संगोष्ठी का संचालन जिला उपाध्यक्ष रणवीर कर्ण एवं आभार प्रदर्शन जिला मंत्री रम्मू साहू ने किया। कार्यक्रम उपरांत दीनदयाल उद्यान में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत हमारी संस्कृति के अभिन्न अंग प्रकृति को संरक्षण करने के लिए जिलाध्यक्ष दीपक सोनी एवं पार्टी के सभी दायित्ववान कार्यकर्ताओं ने अधिक से अधिक संख्या में वृक्ष लगाएं और अपनी वसुंधरा को हरा-भरा बनाएं, नारे के साथ पौधरोपण कार्य किया।

## विद्युत व्यवस्था में सुधार के लिए बैठक का आयोजन



शहर की अव्यवस्थित विद्युत व्यवस्थाओं एवं रुके हुए कार्यों को लेकर महापौर प्रीति संजीव सूरी ने एमपीईबी एवं निगम के अधिकारियों के साथ एक संयुक्त बैठक ली। बैठक में एमपीईबी से रुके हुए कार्यों पर महापौर द्वारा सख़्त निर्देश देते हुए कहा कि जनहित कार्यों को अविलंब करते हुए सभी विद्युत समस्याओं के निराकरण हेतु एमपीईबी नगर निगम के साथ सहयोग करे जिससे हम सभी कार्यों को समय सीमा में पूर्ण कर सके। साथ ही जो भी कार्य एमपीईबी के स्तर पर रुके है एवं जो प्रस्तावित कार्य है उन पर भी शीघ्र कार्यवाही की जावे ।महापौर सूरी द्वारा स्ट्रीट लाइट समय पर चालू एवं बंद करने के निर्देश निगम के अधिकारियों को दिये एवं शहर के कई वार्डों में अव्यवस्थित बिजली की तारों को व्यवस्थित करने एवं कई जगह करंट आने की शिकायत पर निराकरण करने हेतु भी एमपीईबी के अधिकारियों को निर्देश दिये गए। इस दौरान प्र कार्यपालन यंत्री केपी शर्मा,प्र सहा यंत्री आदेश जैन,एमपीईबी सहा अभियंता,उपयंत्री मोना करेरा सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधारोपण, लोगों को किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

'एक पेड़ मां के नाम'अभियान के तहत शनिवार को स्लीमनाबाद एसडीओपी अखिलेश गौर ने कार्यालय स्लीमनाबाद में पौधा लगाकर स्लीमनाबाद अनुभाग की तरफ से अभियान की शुरुआत की। पौधरोपण कार्यक्रम में स्लीमनाबाद एसडीआईपी अखिलेश गौर के अलावा कार्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान एसडीओपी श्री गौर के अलावा मौजूद अन्य कर्मचारियों ने भी कार्यालय परिसर में फलदार पौधों का रोपण किया। इस दौरान एसडीओपी श्री गौर ने कटनी वासियों से पौधारोपण के इस महाभियान से जुड़ने की अपील की। एसडीओपी श्री गौर ने कहा कि



पौधारोपण कर न केवल हम पर्यावरण को बचायेंगे, बल्कि वानिकीकरण में भी अपनी भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि पौधारोपण के इस नेक अभियान से सभी जुड़ें। आप अपने परिजनों को लेकर माताजी के साथ भी सेल्फी लें और अभियान के अंतर्गत निर्धारित वेबसाइट पर भी चित्र अपलोड करें। इससे अन्य लोग भी प्रेरित होंगे।

पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन ने जिलेवासियों से आग्रह किया है कि वे "एक पेड़ मों के नाम" पौधारोपण कार्यक्रम में पौधारोपण के साथ अपना फोटोग्राफ वायुदूत (अंकुर) मोबाइल एप पर अपलोड अवश्य करें। गूगल प्लेस्टोर से वायुदूत (अंकुर) एप को डाउनलोड कर लेवें। एप डाउनलोड पश्चात प्रतिभागी अपनी इच्छानुसार भाषा हिन्दी, अंग्रेजी का चयन करें। नागरिक लॉगिन पर क्लिक करें। मोबाइल नम्बर दर्ज कर लॉगिन करें। पंजीकृत मोबाइल नम्बर पर ओ टी पी प्राप्त कर वेरीफाई कर पंजीयन प्रक्रिया पूर्ण करें। वेरीफिकेशन उपरांत नया वृक्षारोपण (New Plantation) पर क्लिक करें। रोपित पौधे का फोटोग्राफ एप पर अपलोड करें।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला कौशल समिति की बैठक आयोजित

# प्रशिक्षण अधिकारी ट्रेनिंग प्लेसमेंट को नोटिस जारी करने के दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता में विगत दिनों जिला कौशल समिति की बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में किया गया। इस दौरान जिला रोजगार अधिकारी, उपसंचालक आदिम जाति कल्याण विभाग, उपसंचालक डूडा, महाप्रबंधक डीआईसी, उपसंचालक हथकरघा विभाग, एलडीएम लीड बैंक मैनेजर एवं प्राचार्य पॉलीटेक्नक एवं अन्य विभागों के अधिकारी मोजूद रहे।



### कार्यवाही के दिये निर्देश

बैठक में प्राचार्य आईटीआई कटनी द्वारा बैठक का मुख्य ऐजेण्डा डिस्ट्रिक्ट स्किल डेवलपमेंट प्लांन्स विकास कुमार गर्ग प्रशिक्षण अधिकारी ट्रेनिंग प्लेसमेंट ऑफीसर को प्रस्तुत करने हेतु कहे जाने पर श्री विकास कुमार गर्ग द्वारा बैठक में प्रस्तुतीकरण सही ढंग से नही किया गया और न ही बैठक के संबंध में प्रासंगिक जानकारी प्रस्तुत की गई। जिस पर कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा नाराजगी जाहिर करते हुए विकास कुमार गर्ग प्रशिक्षण अधिकारी एवं ट्रेनिंग प्लेसमेंट ऑफीसर को कार्य के प्रति लापरवाही बरतने पर कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए साथ ही नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही करने हेतु प्राचार्य रंजीत कुमार रोहितास को निर्देशित किया गया। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा आगामी बैठक के पूर्व सभी सदस्यों को निर्धारित फार्मेट में कौशल विकास से संबंधित जानकारी बिन्दुवार प्रदान करनें के निर्देश किया जाकर बैठक में जानकारी सहित उपस्थित रहने के सख्त निर्देश दिए गये।

## बीते वर्ष ढह गया था सगवां और लालपुर के बीच नदी में बना पुल

# पुल क्षतिग्रस्त होने से दर्जनों गांवों का आवागमन प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

बारिश के मौसम में ग्रामीणों सहित विद्यार्थियों का आवागमन कठिन हो गया है। दरअसल ढीमरखेड़ा के सगवां और लालपुर गांव के बीच लाखों रुपये की लागत से बना पुल बीते साल बारिश के तेज बहाव में बह गया था। एक साल का समय बीत जाने के बाद पुल की मरम्मत कराई गई न ही नवीन पुल का निर्माण शुरू कराया गया। ऐसे में क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन में सालभर से खासा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



### बारिश में होगी दिक्कत

ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से पुल बनवाने की भी मांग किया, लेकिन सालभर में कुछ नजर नहीं आया। पुल के निर्माण न होने से सिलौंडी क्षेत्र के दर्जनों गांवों का आवागमन प्रभावित हो गया है। अब बारिश के दिनों में ज्यादा दिक्कत होंगी। साल 2023 की बरसात के महीने में तेज बारिश के कारण पुल ढह गया। पुल के समीप की मिट्टी भी धसकने लगी। दो भागों में कटे पुल का आकार साल भर में बढ़ गया। पुल के ढह जाने के बाद ग्रामीणों को आवागमन बाधित हो गया। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक परेशान है। वाहनों का आवागमन भी बंद है।

### जान जोखिम का सफर

ग्रामीणों का कहना है कि पुल के क्षतिग्रस्त हो जाने के बाद दूसरे रास्ते से सफर करना पड़ता है। वहीं स्कूली बच्चों को भी स्कूल जाने में जान जोखिम में डालकर नदी पार कर जाना पड़ता है। गांव के कुछ लोग भी नदी से होकर आवागमन करते है। ग्रामीणों ने बताया कि बीते साल की बारिश में पुल ढह गया। गर्मी और ठंड का मौसम गुजर गया। अब बारिश शुरू होने से ग्रामीणों का आना जाना मुश्किल भरा हो जाएगा। स्कूली बच्चों को ज्यादा दिक्कत होती है। ये बच्चे लभेर नदी में बह रहे पानी के बीच से होकर निकलते हैं। ऐसे में कभी भी कोई हादसा हो सकता है। चूंकि पुल के दोंनो तरफ मिट्टी धसकती है।नदी में बारिश का ज्यादा पानी आने पर भी खतरा हो सकता है। ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग पैदल निकलना भी मुश्किल हो गया है। दो-चार पहिया या अन्य बड़े वाहन भी दूसरे रास्ते से होकर जाते है। जिससे कि ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ती है।

### एस्टीमेट तैया कर शासन को भेजा गया है: उपयंत्री

इस संबंध में उपयंत्री लोक निर्माण विभाग जीसी राय का कहना है कि सगवां पुल के ढह जाने के बाद ग्रामीणों का आवागमन बाधित हो रहा है। नवीन पुल के निर्माण के लिए एस्टीमेट तैयार कर विभाग से शासन स्तर पर भेजा गया है। अब तक स्वीकृति नहीं मिली है।शासन से स्वीकृति मिलते ही सेतू के द्वारा पुल का निर्माण कार्य कराया जाएगा।

# लापता नाबालिग बच्चियों को परिजनों से मिलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

घर से बिना बताए अचानक से लापता हो गई दो नाबालिक बच्चियों को स्लीमनाबाद पुलिस ने तलाश कर सुरक्षित उन्हें उनके परिवार के पास पहुंचाया। बच्चियों के सकुशल घर वापस लौटने से परिजनों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा और उन्होंने पुलिस के प्रति आभार व्यक्ति करते हुए उन्हें बधाई प्रेषित की। जानकारी देते हुए स्लीमनाबाद थाना प्रभारी अखिलेश दहिया ने बताया कि नाबालिक बालक बालिकाओं की तलाश कर उन्हें वापस घर पहुंचने के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के द्वारा विशेष सतर्कता बरतते हुए कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।

इसी क्रम में थाना क्षेत्र से लापता हुई दो बालिकाओ की तलाश के लिए पुलिस अधीक्षक श्री रंजन के

### लापता बच्चों की तलाश के लिये चलाया जा रहा ऑपरेशन मुस्कान

निर्देश अनुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया, स्लीमनाबाद एसडीओपी अखिलेश गौर के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित कर बालिकाओं की तलाश प्रारंभ की गई।

विगत 2 जुलाई को घर से लापता हुई बालिकाओं की तलाश करते हुए गढ़ दिवस उन्हें दस्तयाब कर सुरक्षित घर पहुंचाया गया। पूछताछ में बच्चियों ने बताया कि उनके साथ किसी तरह की अनहोनी घटना नहीं हुई है पुलिस ने कार्यवाही करते हुए बच्चियों को सुरक्षित परिवार के पास भेज दिया है।

कार्यवाही में स्लीमनाबाद थाना प्रभारी अखिलेश दहिया के अलावा थाने के स्टाफ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## खबर संक्षेप

### पालक शिक्षक बैठक का हुआ आयोजन

**दमोह।** शासन के निर्देशानुसार शनिवार 6 जुलाई को शासकीय हाई स्कूल सलैया एरोरा में पालक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम सलैया, हरदूआ मुड़र, खंचारी, एरोरा आदि ग्रामों के अभिभावकों की उपस्थिति रही। संस्था प्राचार्य एन.एल. अहरवाल एवं शिक्षकों के माध्यम से बच्चों की प्रगति, उपस्थिति, जून माह की टेस्ट कॉपी दिखाई गई एवं छात्रों को नियमित विद्यालय भेजने के लिए अभिभावकों को प्रेरित किया गया। अभिभावकों के सुझाव आमंत्रित किये गये। कार्यक्रम के समापन पर माँ के नाम एक वृक्ष कार्यक्रम के अंतर्गत सभी ग्रामीण जनों के द्वारा वृक्षारोपण कराया गया एवं वृक्षारोपण का महत्व बताते हुए वृक्षारोपण के लिये प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में संस्था प्राचार्य एन.एल. अहरवाल, शिक्षक, राजेश कुमार असाटी, सुरेन्द्र चौबे, विवेक नामदेव, जागेश्वर तिवारी, नितिन कुलकर्णी आदि की उपस्थिति रही।

### ऑटो रिक्शा का फिटनेस कैम्प कल

**दमोह।** सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में लिये गए निर्णय के अनुसार 8 जुलाई सोमवार को आर टी ओ कार्यालय दमोह में ऑटो रिक्शा की फिटनेस के लिए महा कैम्प लगाया जायेगा। जिला परिवहन अधिकारी ने कहा है ऑटो रिक्शा का बीमा होना जरूरी है, बिना बीमा प्रमाणपत्र के फिटनेस का आवेदन नही लिया जाएगा।

### मानस भवन से सम्पूर्णता अभियान का हुआ शुभारंभ

# जिला नीति आयोग के मापदंड के बराबर आ जाए इसके लिए है यह कार्यक्रम - राज्यमंत्री श्री पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

नीति आयोग को यह जिम्मेदारी सौंपी थी, लगभग 07 साल पुराना आंकड़ा हैं, जिसमें दमोह अच्छे जिलों के मापदंडों से नीचे था, ऐसे जिलों को आकांक्षी जिले के रूप में रखा गया हैं। अब दमोह जिला छठवें नंबर पर आ गया है, और प्रयास किये जा रहे हैं जिसमें पूरा प्रशासन इस दिशा में कार्य कर रहा हैं। इसलिये आज यह कार्यक्रम किया गया हैं, जो मापदंड है, उनको बढ़ाये। इस आशय की बात प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल ने मानस भवन में आयोजित सम्पूर्णता अभियान के दौरान व्यक्त किए। पशुपालन राज्य मंत्री श्री पटेल ने कहा हमारा जिला नीति आयोग के मापदंड के बराबर पर आ जाए इसके लिए यह कार्यक्रम 30 सितंबर तक चलाया जा रहा हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं भगवान धनवंतरी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर किया गया।

इस दौरान दमोह विधायक एवं पूर्व वित्तमंत्री जयंत कुमार मलैया ने कहा भारत सरकार और मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार 30 सितंबर तक तीन माह संपूर्णता अभियान चलाया जाएगा। आज से इस अभियान को प्रारंभ किया गया हैं। संपूर्णता अभियान का उद्देश्य आकांक्षी जिलों और आकांक्षी ब्लॉकों जिसमें दमोह जिला और तेंदूखेड़ा ब्लॉक शामिल है, इनमें चिन्हित इंडिकेटर स्वास्थ्य, टीकाकरण, कृषि, सामाजिक विकास और शिक्षा इस प्रकार के 06 इंडिकेटर लिये गये हैं, जिससे हमारा जिला और तरक्की कर सकें। श्री मलैया ने कहा मेरी शुभकामनाएं है, जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में तेजी से काम चलेगा, नीति आयोग से जो अधिकारी आए हुए हैं, दमोह के सभी लोगों की ओर से उनको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं और आशा करता हूं जिस काम के लिए वह आए हैं, उस कार्य को सभी मिलकर अच्छे से पूरा करेंगे। जिला भाजपा अध्यक्ष प्रीतम सिंह लोधी ने कहा नीति आयोग 2018 से देशभर में काम कर रहा है, उस समय दमोह की निचले पायदान से दूसरे नंबर पर गिनती होती थी, लेकिन जिला प्रशासन और नीति आयोग के अधिकारियों के माध्यम से दमोह जिले में सभी क्षेत्रों में काम करना प्रारंभ किया। आज हम दूसरे देश भर में दूसरे क्रम पर है, निश्चित ही यह हमारे दमोह जिले के अधिकारी-कर्मचारियों की सराहना करने का विषय है, सभी ने बड़ी मेहनत की है उस मेहनत के साथ दमोह जिले को दूसरे पायदान पर लाकर देश भर में खड़ा किया है।



प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत अर्पित वर्मा ने कहा संपूर्णता अभियान में स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि सहित 06 इंडिकेटर हैं, जिनमें नीति आयोग द्वारा चुने गये आकांक्षी जिला और आकांक्षी ब्लॉक इन इंडिकेटर में शत-प्रतिशत पूर्णता प्राप्त करें। दमोह जिला आकांक्षी जिला और तेंदूखेड़ा ब्लॉक आकांक्षी ब्लॉक हैं। हम इन पर फोकस करके इनको आगे लायेगें। स्वास्थ्य विभाग में ब्लॉक की बात करेंगे तो जो प्रसूतियों की प्रारंभिक जांच, जो पहली तिमाही में होनी चाहिए, महिला बाल विकास में टेक होम राशन जो धात्री महिला और गर्भवती महिलाओं को दिया जाता है, कृषि के क्षेत्र में जो किसान भाई हैं, उनके लिए स्वाईल हेल्थ कार्ड यानी मृदा परीक्षण कार्ड सभी किसानों को वितरित किये जाये। इस अवसर पर नीति आयोग भारत सरकार सीमा एंटिल, नीतेंद्र सिंह, एसडीएम आरएल बागरी सहित गणमान्य नागरिक, सम्मानीय मीडियाजन, अधिकारी-कर्मचारीगण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका और स्कूली छात्र-छात्राओं की मौजूदगी रही। कार्यक्रम का संचालन विपिन चौबे एवं आभार जनपद पंचायत सीईओ पूनम दूबे ने व्यक्त किया।

# चंडी माता को चढ़ाई जावेगी 1100 मीटर लंबी चुनरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

धर्मपरायण नगरी उपकाशी हटा में हमेशा ही एक से एक बड़े धार्मिक आयोजन भक्तों द्वारा आयोजित किए जाते हैं जिसमें नगर के सभी लोग बढ़ चढ़कर अपनी सहभागिता निभाकर आयोजन को सफल बनाते हैं इसी श्रृंखला में गुप्त नवरात्रि के पवन पावन अवसर पर 8 जुलाई सोमवार को नगर में विराजमान मां जगत जननी माता चंडी को 1100 मीटर लंबी चुनरी भक्तों द्वारा अर्पित की जावेगी आयोजन को लेकर समिति द्वारा तैयारी पूर्ण कर ली गई है। आयोजन को लेकर संयोजक माता के पुजारी पंडित श्री अरुण गोस्वामी एवं देवश्री गौरीशंकर मंदिर के पुजारी पंडित रामसुजान पाठक ने चुनरी यात्रा की जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त नवरात्र की तृतीय तिथि पर सर्वार्थ सिद्धि योग में सोमवार की शाम 4 बजे देव श्री गौरीशंकर मंदिर में भगवान भोलेनाथ का पूजन कर गाजे बाजे के साथ चुनरी यात्रा प्रारंभ होगी जो हरदौल चौक से गणेश मंदिर होते हुए मां जगत जननी मां चंडी जी के मंदिर पहुंचेगी जहां विधि विधान के पूजन अर्चन कर माता को चुनरी अर्पित की जावेगी। आयोजक समिति व संयोजक द्वारा सभी भक्तगणों से अपील की गई कि चुनरी यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर धर्म लाभ अर्जित करें। चंडी मंदिर के पुजारी पंडित नीरज गोस्वामी ने बताया कि जिस प्रकार नवरात्रि में देवी के नौ रूपों की पूजा की जाती है ठीक उसी प्रकार गुप्त नवरात्रि में 10 महाविद्याओं की पूजा की जाती है जिससे साधक को मां भगवती की विशेष कृपा प्राप्त होती है। गुप्त नवरात्रि में पूजा का फल जल्दी और दोगुना मिलता है इन नवरात्रि में माता जल्दी प्रसन्न होती है और भक्तों को मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है।

# उर्दू स्कूल में अभिभावकों ने लगाए पेड़



**दमोह।** शासकीय उर्दू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह में पेरेंट्स मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों की प्रगति पर शिक्षकों और अभिभावकों ने चर्चा करके समीक्षा की। इस अवसर पर संस्था प्रमुख आर एस राजपूत ने अभिभावकों को जानकारी दी कि एक पेड़ माँ के सम्मान में अभियान के अंतर्गत आज उर्दू विद्यालय में भी पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। सभी अभिभावकों ने बच्चों और स्कूल स्टाफ के साथ प्रांगण में सहर्ष पौधारोपण किया। व्याख्याता डॉ अनिल त्रिपाठी ने पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए सभी से एक पेड़ लगाने का आव्हान किया। इस अभियान को डॉ. नाजिर खान, आशा जैन, इसरार खान, अजय स्वर्णकार, अतुल चौबे, शशि प्रभा जैन, सोनिका सोनी, प्रीति जैन, मुकेश श्रीवास्तव, अब्दुल रज्जाक खान, जमील उद्दीन फरहत जहाँ, मनोहर अहिरवाल, प्रेम नारायण, देवेन्द्र, आकाश मिश्रा ने संयुक्त रूप से सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# हाई स्कूल राजाबंदी में रोपे पौधे



**पटेरा।** शासकीय हाई स्कूल राजाबंदी में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधारोपण किया गया जिसमें हटा एसडीएम राकेश मरकाम जी उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों से वृक्षों की उपयोगिता के संबंध में विभिन्न प्रश्न पूछे बच्चों के उत्तर सुनकर खुश होकर उन्होंने कहा सभी को एक-एक पौधा अपने घर में भी लगाना है और उनकी देखभाल करना है। जिस प्रकार मां अपने बच्चों की देखभाल करती है उसी प्रकार पौधा लगाकर उसकी देखभाल भी हमें करना है। कार्यक्रम के उपरांत एसडीम महोदय ने पांच पौधे लगाए विद्यालय में आज पालक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया था जिसमें उपस्थित सभी पालकों ने भी पौधारोपण किया पौधों के सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी लगाए गए।

# झलौन में लगाए गए पौधे



**झलौन।** शनिवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झलौन में 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पलकों अभिभावकों को आमंत्रित माताऐ बहनों ने मिलकर पौधारोपण किया। इस विशेष अवसर पर महिला परिषद झलौन की सभी महिलाएं और स्कूल के बच्चों की माताएँ बड़ी संख्या में उपस्थित सराहनीय रहीं। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरित भविष्य सुनिश्चित करना था। महिला परिषद की अध्यक्ष ने अपने मां सरस्वती जी की मूर्ति का अनावरण किया एवं भाषण में कहा, यह पौधारोपण न केवल हमारी धरती को हरा-भरा बनाएगा, बल्कि यह हमारे बच्चों के लिए एक महत्वपूर्ण संदेश भी होगा कि वे प्रकृति से प्रेम करें और उसकी सुरक्षा करें। इसके बाद, सभी माताओं ने मिलकर विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए, जिसमें फलदार वृक्ष, छायादार वृक्ष और औषधीय पौधे शामिल थे। स्कूल के प्रिंसिपल अशोक साहू ने भी इस पहल की सराहना की और कहा, ₹इस तरह के कार्यक्रम न केवल बच्चों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का भाव जगाते हैं, बल्कि उन्हें सामूहिक प्रयास की महत्ता भी सिखाते हैं। बच्चों ने भी इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के बारे में गीत और कविताएँ प्रस्तुत कीं, जिससे पूरे माहौल में एक उत्साहपूर्ण ऊर्जा भर गई। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित महिलाओं को एक-एक पौधा उपहार स्वरूप दिया गया, ताकि वे इसे अपने घर के आंगन में लगाकर इस मिशन को और आगे बढ़ा सकें। इस आयोजन ने सभी को एकजुट किया और पर्यावरण के प्रति उनके समर्पण को और मजबूत किया। कार्यक्रम में ग्राम झलौन सरपंच श्रीमती अनीता जैन सेहरी सरपंच सत्यनारायण सींग मीडिया प्रभारी मुकेश जैन पूर्व सरपंच गिरवर सिंह भीकम सिंह पालकों के अभिभावक एवं प्राचार्य अशोक साहू राजेश जैन जितेंद्र जैन प्रेम सिंह समस्त स्कूल स्टाफ मौजूद रहे।

# छात्रों ने किया वृक्षारोपण



**दमोह।** टाइम्स पब्लिक स्कूल में 6 जुलाई को वन महोत्सव के उपलक्ष में शाला के प्रधानाचार्य अजय मिश्रा एवं प्रियांशु गुप्ता सर की उपस्थिति में छात्रों एवं शिक्षकों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। शाला के प्रधानाचार्य ने छात्रों एवं शिक्षकों को वृक्ष से मिलने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी। शाला की शिक्षिका सुरभि नेमा ने तुलसी पौधे से मिलने वाले लाभ के बारे बताया एवं अधिक से अधिक वृक्ष लगाने के लिए छात्र/छात्राओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शाला के समस्त शिक्षकों का सहयोग रहा।

# सरपंच संघ संगठन ने सीईओ को दिया ज्ञापन



**जबेरा।** केंद्र शासन की महत्वाकांक्षी मनरेगा योजना में बारिश के सीजन के चलते 15 जून से मिट्टी के निर्माण कार्यों पर प्रतिबंध लग जाता है,जबकि जनपद जबेरा अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों के सरपंच चाहते है कि उनकी पंचायत में मनरेगा योजना के निर्माण कार्य पूर्व की भांति चालू रहे और पंचायतों में विकास की गंगा निरंतर बहती रहे। इसी को लेकर शनिवार को सरपंच संघ संगठन इकाई जबेरा के सरपंचों ने जनपद कार्यालय में सीईओ आरपी पटेल को एक विज्ञापन दिया है। जिसमें मनरेगा योजना अंतर्गत कार्यों को पूर्वी की तरह कराए जाने की मांग की गई है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि मनरेगा योजना के कार्यों को पूर्व की तरह जारी रखा जाए और मनरेगा अंतर्गत सभी कार्यों में 60.40 के अनुपात में मजदूरी एवं सामग्री पूर्व की तरह प्रदान की जाए। साथ ही मनरेगा एक्ट के तहत जो भी कार्य अनुमत्य हैं वो पूर्व की तरह सुचारू रूप से चालू रखे जाए एवं सामुदायिक कार्य एवं हितग्राही मुलक कार्यों को पूर्वी की तरह स्वीकृति प्रदान की जाए। इसके अलावा ज्ञापन में ग्राम पंचायतों को कार्य में आवश्यकता अनुसार वित्त की राशि बढ़ाकर प्रदान की जाने की मांग की गई है। इस दौरान सरपंच राघवेंद्र सिंह,नवल सिंह,किशोर सिंह,देवी सींग, छप्पन सिंह,उजयार सींग,सत्तर खान सहित अनेक ग्राम पंचायतों के सरपंच मौजूद रहे।

# माडल स्कूल परिसर में 250 पौधे रोपे



**जबेरा।** सीएम राइज माडल स्कूल जबेरा में शनिवार को सीएम राइज माडल बालिका ,बालक छात्रावास में पालको और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में 250 पौधो का वृक्षारोपण किया गया। प्राचार्य संजय बाजपेई ने कहा पर्यावरण बचाने के लिए पौधरोपण अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आज हम पौधे लगाकर अपना कल सुरक्षित कर सकते हैं। पौधे लगाना प्रत्येक हर नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी बनती है। उन्होंने कहा कि पौधों से हमें ऑक्सीजन, छाया, दवाएं, फल-फूल आदि तमाम अवश्यकता की चीजें मिलती है। पौधे है तो जीवन है इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राजेश सिंघई ने कहा कि पौधों से ही हमारा जीवन है, पौधे नहीं होंगे तो हमें ऑक्सीजन की कमी होगी। उन्होंने कहा बीते समय में कोविडकाल में हम सभी ने ऑक्सीजन की कमी से भयंकर परिणामों को महसूस किया है। इसलिए इन विपरित परिस्थितियों से बचने के लिए हमें पौधे लगाने होंगे। जिला उपाध्यक्ष रुपेश सेन ने कहा कि पौधों के बिना हमारा पर्यावरण सुरक्षित नहीं है, पर्यावरण सुरक्षित नहीं होगा तो हम भी सुरक्षित नहीं होंगे। इसलिए पौधों को अवश्य लगाए। उप प्राचार्य अजय सिंघई ने सभी बच्चों से कहा कि अपने आसपास पौधे लगाएंगे, इसके अलावा जो स्कूल घर में पौधे हैं उनकी एक-एक टीम बनाकर रक्षा करेंगे, ताकि उन्हें हमेशा सुरक्षित रखा जाए। इस कार्यक्रम में रवि शंकर बाजपेई, बंटी दुबे, रानू नामदेव, मोंटू बाजपेई,मिथिलेश तिवारी, सरपंच शिवलाल धुर्वे,नीरज जायसवाल, शिक्षक उमेश शर्मा, पप्पू राय, रामकिशोर शर्मा, विवेक जैन, मुकेश नामदेव, माखन लाल साहू,विभा तिवारी, दीप्ति कोष्टा,सुमन रीना खरे के साथ समस्त शिक्षकों अभिभावकों की उपस्थिति रही।

# ब्लाक स्तरीय संपूर्णता अभियान का हुआ आयोजन

**हटा।** नीति आयोग के निर्देशानुसार आकांक्षी ब्लॉक स्तरीय संपूर्णता अभियान कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को मध्यप्रदेश आजीविका मिशन के सभागार कक्षा में विधायक उमादेवी खटीक के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया जिसमें चयनित विभागीय अधिकारियों द्वारा अपनी विभागीय योजनाओं की जानकारी उपस्थित जनसमूह को दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक उमादेवी खटीक द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया इसके उपरांत उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश व केंद्र सरकार द्वारा गरीब कल्याण हेतु विभागों के माध्यम अनेक योजनाएं चलाई जा रहे हैं जिसका सभी लोग पात्रता के आधार पर लाभ लें सरकार द्वारा स्व-सहायता समूह की महिलाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराने के लिए आजीविका मिशन के माध्यम से विभिन्न प्रकार से रोजगार प्रदान करने के लिए प्रशिक्षित कर बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराए जाते हैं जिससे महिलाएं स्वावलंबी




बनकर उद्योग स्थापित कर सके। इसी प्रकार महिला बाल विकास विभाग द्वारा बेटियों को लाडली लक्ष्मी योजना के माध्यम से लखपति बनाने का सरकार का मुख्य उद्देश्य है वही गर्भवती महिलाओं को मातृ वंदना योजना के माध्यम से लाभान्वित किया जा रहा है एवं किसानों के लिए कृषि विभाग द्वारा अनेक योजनाओं के माध्यम से किसानों को लाभान्वित किया जा रहा है उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित न हो उसके लिए अधिकारी कर्मचारी द्वारा समय-समय पर जन समुदाय के बीच जाकर जानकारी दी जाती है सभी लोग जागरूक होकर सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं। इसके उपरांत संपूर्णता अभियान के तहत चयनित विभाग से कृषि विभाग आजीविका मिशन जनपद पंचायत एवं महिला बाल विकास विभाग स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा अपनी विभागीय योजनाओं से उपस्थित लोगों को विस्तार से बताया गया। वहीं कार्यक्रम मैं चिन्हित विभागों द्वारा अपनी विभागीय योजनाओं से संबंधित स्टॉल भी लगाए गए एवं कार्यक्रम के अंत में विधायक द्वारा उपस्थित जन समूह को संपूर्ण अभियान के सभी इंडिकेटरो को संतृप्त करने के लिए शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में चंद्रभान पटेल जनपद सदस्य कन्हैया लाल पटेल गंगाराम पटेल, एसडीएम राकेश मरकाम, जनपद सीईओ बीएस यादव, डॉ मनोज अहिरवार, परियोजना अधिकारी शिवराय, कृषि विभाग से एमपी सरवैया, आजीविका मिशन प्रबंधक संदीप सिंह, पंचायत निरीक्षक राजेश पाराशर, अमित सौधिया, महेश अहिरवार, वीरपाल अहिरवार , सहित चयनित विभागों के कर्मचारियों एवं हितग्राहियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालक संदीप सिंह ने किया एवं जनपद सीईओ बीएस यादव द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# णमोकार मंत्र का एक पद का भी उच्चारण करते-करते अज्ञान दशा में अर्जित जो पाप है वह धुल सकता है: आचार्य श्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डलपुर

दमोह। सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र कुंडलपुर में युगश्रेष्ठ संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य पूज्य आचार्य श्री समय सागर जी महाराज ने मंगल प्रवचन देते हुए कहा मोक्ष मार्ग पर चलने वाले साधक हुआ करते हैं श्रमण हुआ करते हैं वे अपने जीवन में रत्नात्रय की आराधना करते हुए दीर्घकाल व्यतीत करते हैं।और रत्नात्रय की आराधना के फल स्वरूप उन्हें अनेक प्रकार की ऋद्धियां भी प्राप्त हो जाती हैं। अवध ज्ञान भी प्राप्त हो सकता है मनः पर्याय ज्ञान भी प्राप्त हो सकता है उन ऋद्धियों के प्रति अवध ज्ञान, मनः पर्याय ज्ञान आदि जो क्षयोपशम ज्ञान है उनकी दृष्टि नहीं जाती किंतु उनकी दृष्टि मात्र रत्नात्रय की ओर जाती है मोक्ष का जो मार्ग है वह ऋद्धि संपन्न जो श्रमण होते हैं उन्हीं के लिए मोक्ष मार्ग बनता है ऐसा नहीं।मोक्ष मार्ग में यह सारे के सारे सहायक तत्व नहीं है सहायक कोई है तो रत्नत्रय की आराधना है।और वे रत्नत्रय की आराधना करते हुए पंच परमेष्ठी को भूलते नहीं णमोकार मंत्र का उच्चारण उनके मुख से भी निकलता है।आपने प्रथमानुयोग आदि ग्रंथों में प्रसंग सुना होगा एक ग्वाला है ग्वाला गायों का चराने वाले को बोलते।दिनभर गायों को चराकर दिन अस्त होने को है और घर लौट रहा है।किंतु समय कौन सा था शीतकालीन वह समय है कड़ाके की ठंड पड़ रही है ठंडी लहर चल रही है और वह घर की ओर लौट रहा है बीच में एक दृश्य देखने को मिल रहा है वह दृश्य कौन है एक मुनि महाराज जो ध्यान में लीन है नदी के किनारे हैं और जंगल में है चारों ओर वहां पेड़ पौधे हैं वह ग्वाला सोच रहा है कंबल भी ओढ़ रखा है मैंने इसके उपरांत भी शीत का निवारण नहीं हो पा रहा है और यह साधु खड़े हैं दिगंबर हैं बदन पर वस्त्र नहीं है।इसके उपरांत शीत का प्रतिकार कौन कर सकता है कब तक खड़े रहेंगे बैठेंगे क्या कोई



अनुमान नहीं है। संभव है रात भर खड़े हो जाए ऐसा सोचकर वह विचार करता है उनके लिए क्या कर सकता हूं। मेरे पास कंबल है उड़ा नहीं सकता हूं साधू है। सूखी लकड़ी है जो जंगल में उनको एकत्रित करके जला दी अग्नि जला दी चारों ओर।वह सोचता में भी इस अग्नि के माध्यम से शीत का निवारण कर लूं।रात भर सेवा में है वह ग्वाला सोचता कुछ मिल जाएगा। प्रातः ध्यान से उठेंगे तो हमारे लिए कुछ शब्द सुनने मिलेंगे। हमारे लिए कुछ मार्ग उनके द्वारा प्राप्त हो जाएगा।वह प्रतीक्षा में है और प्रातः होते ही वह मुनिराज ऋद्धि संपन्न थे चरण रिद्धि प्राप्त थी।ग्वाले ने कहा हमारे लिए कुछ प्रसाद दे दो मैं भी अपने जीवन का कल्याण कर सकूं अच्छे ढंग से जीवन यापन कर सकूं। तो उन्होंने कहा णमो अरहंताणं उच्चारण कर लिया और आकाश मार्ग से अदृश्य हो गए। पूरा णमोकार मंत्र भी नहीं मिला।वह ग्वाला णमो अरहंताणं का उच्चारण करता रहा और सुनने में आया सुदर्शन सेठ हुआ। इधर हम एक करोड़ जाप कर रहे जाप करते हमारा उपयोग पंच परमेष्ठि में जाना चाहिए यह आस्था का विषय है ज्ञान नहीं है हम ज्ञान की बात करना चाहते समर्पण नहीं है। जो समर्पित हो जाता णमो अरहंताणं एक पद भी पर्याप्त है क्योंकि उसके उच्चारण करते-करते अज्ञान दशा में अर्जित जो पाप है वह धुल सकता है।भावपूर्ण उच्चारण किया हो तो। इस प्रकार प्रथमानुयोग ग्रन्थो में प्रसंग मिलते हैं।सुनकर विस्मय होता एक सेकंड नहीं लगता विकास प्रारंभ हो जाता है।

### बारिश के दिनों में एकीकृत निमरमुंडा माध्यमिक शाला के हालात

# बारिश के चलते नाले का पानी स्कूल परिसर में भरा, जलमग्न दिखा स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



राज्य शिक्षा केन्द्र के तहत शाला भवनों के निर्माणों पर शासन द्वारा करोडो. रूपये पानी की तरह खर्च किये जा रहे है ताकि स्कूली छात्र-छात्राओं को सर्व सुविधा युक्त वातावरण में अध्ययन कर सकें। मगर विभागीय अधिकारियो के चलते आज भी कई स्कूल भवन ऐसे है कि जहां स्कूल की सुरक्षा के लिए तो इंतजाम करा लिए गये लेकिन उसके मापदंडों को दरकिनार करनें का खामियाजा बारिश के मौसम में उठाना पड़ रहा है।मामला हटा विकासखंड के एकीकृत माध्यमिक शाला निमरमुंडा का शुक्रवार को सामने आया जब समूचे स्कूल परिसर में बारिश का पानी प्रवेष करनें से अध्यनरत छात्रों एवं स्कूल के शिक्षकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।देखा जाए तो विगत दो दिनों से हो रही झमाझम बारिश के चलते स्कूल परिसर के बाजू से निकले नाला में बारिश का पानी भरने से सीधे स्कूल परिसर के मुख्य द्वार से प्रवेश कर गया जहां देखते ही देखते पूरा स्कूल परिसर के चारो ओरा पानी ही पानी नजर आनें लगा।स्कूल में पानी के प्रवेश के चलते उपस्थित शिक्षकों द्वारा पहले तो बच्चों को सुरक्षित बाहर कर छुट्टी कर दी गई और शिक्षकों को भी अपने वाहन निकालनें में पानी के भराव के चलते काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।लेकिन विडम्बना यह सामने आ रही है कि जिस प्रकार से स्कूल परिसर के चारो ओर बाउंड्री का निर्माण कार्य कराया गया उसमें यह ध्यान नहीं रखा गया कि बारिश के मौसम में स्कूल के बाजू से निकले नाले में पानी भराव के कटाव का ध्यान नहीं रखे जानें पर बारिश में बच्चों सहित शिक्षकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जब बारिश की शुरूआत में ही ऐसा हाल है यदि समय रहते पानी के भराव को नही रोका गया तो आगे जाकर क्या होगा इसका अंदाजा नहीं लगाया जा सकता।

## विधायक मलैया ने पौधा रोपण कर किया मिशन ग्रीन दमोह 9 का शुभारंभ



**दमोह।** मिशन ग्रीन दमोह के निर्देशक सिद्धार्थ मलैया के निर्देशन में चलाये जा मिशन ग्रीन दमोह सीजन- 9 की विधिवत शुरुआत स्थानीय नेहरू पार्क में पूर्व वित्तमंत्री दमोह विधायक जयंत मलैया के द्वारा बादाम का पौधा लगाकर की गई। दमोह विधायक जयंत मलैया ने कहा कि विगत कई वर्षों से मिशन ग्रीन दमोह द्वारा पौधारोपण एवं पौधा वितरण का कार्य किया जा रहा है, आज नेहरू पार्क में मिशन ग्रीन दमोह 9 की शुरुआत पौधारोपण कर कि है। मेरी सभी से अपील है कि अपने प्रियजनों की स्मृति में पौधरोपण करें और उन्हें संरक्षित करे। इस अवसर पर मालती असाटी, कपिल सोनी, डॉ केदार शर्मा, राजेंद्र अग्रवाल, मनीष तिवारी, मोंटी रैकवार, विशाल शिवहरे, रीतेश सोनी, साजिद रिजवी, प्रमोद विश्वकर्मा, मुकेश भाई, अशोक पटेल, मोहन गुप्ता, उमेश राठौर, श्याम अग्रवाल, डॉक्टर ए एल रैकवार, डॉक्टर चौधरी, प्रकाश गुप्ता, राजेंद्र चौरसिया, विक्रम राजपूत, सुरजीत राजपूत, बंटी जैन, छोटु दुबे सहित सैकड़ो की संख्या में स्थानीय नागरिकों, पर्यावरण प्रेमियों नेहरू पार्क समिति सदस्यों सहित टीम मिशन ग्रीन की उपस्थिति रही।

## आकाश खत्री बने केंद्रीय सशक्त पुलिस बल में असिस्टेंट कमांडेंट



**तेंदूखेड़ा।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा आयोजित केंद्रीय सशक्त पुलिस बल भर्ती परीक्षा का परिणाम शुक्रवार को जारी हुआ है जिनमें मध्य प्रदेश से कई परीक्षार्थियों का चयन हुआ है। नगर के आकाश खत्री ने इस परीक्षा में देश में 259 वीं रैंक प्राप्त की है। उनका चयन असिस्टेंट कमांडेंट के पद पर हुआ है उन्होंने नगर एवं क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है उनकी इस उपलब्धि पर नगर एवं क्षेत्रवासियों द्वारा बधाइयां दी जा हैं। नगर की वार्ड क्रमांक 11 में रहने वाले के आकाश के पिता अनंदीलाल खत्री पीएचई विभाग में टेक्नीशियन के पद पर पदस्थ हैं आकाश का जन्म तेंदूखेड़ा में हुआ था कक्षा पहली से कक्षा आठवीं तक की पढ़ाई नगर में स्थित सरस्वती ज्ञान मंदिर में हुई इसके बाद कक्षा 9 से 12वीं तक की पढ़ाई नगर के मॉडल उत्कृष्ट विद्यालय में हुई शुरू से पढ़ाई लिखाई में काफी होशियार रहे जिसके कारण बे जिले के 10वीं एवं 12वीं टॉपर रहे इसके बाद 1 साल ड्रॉप करने के बाद उन्होंने इंदिरा गांधी इंजीनियरिंग कॉलेज सागर से इलेक्ट्रिक इंजीनियरिंग में बीटेक किया बीटेक करने के पहले उनका चयन एयरफोर्स एवं पोस्ट ऑफिस में हुआ था लेकिन ग्रेजुएशन कंप्लीट नहीं होने के चलते उन्होंने अपनी आगे की पढ़ाई जारी रखी क्योंकि उनका सपना कुछ और था इसके लिए भी लगातार पढ़ाई करते हुए ग्रेजुएशन कंप्लीट करना चाहते थे पूर्व में उनका सिलेक्शन पटवारी में हुआ था जिसकी चार माह की ट्रेनिंग 5 जुलाई को ही पूरी करने के बाद गुरुवार को तेंदूखेड़ा पहुंचे हैं। आकाश ने बताया कि उनके पिता ने हमेशा हम चारों भाई बहनों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान दिया सुबह पढ़कर नौकरी जाना और शाम को नौकरी से घर आकर पुनः पढाना , होमवर्क चेक करना जिसके कारण आज यह सफलता मुझे मिली है। हम चारों भाई बहनों में सबसे बड़ी बहन मेरी रेलवे में आरपीएफ मै है। मैंने किसी प्रकार की कोई कोचिंग नहीं ली है स्वयं पढ़ाई की है साथ ही पिता , माता ,शिक्षकों का भी भरपूर सहयोग एवं आशीर्वाद प्राप्त हुआ है। मैंने घर पर ही रहकर यूपीएससी परीक्षा की तैयारी की थी मुझे मित्रों का भी सहयोग मिलता रहा है मेरी शुरू से ही पढ़ाई में रुचि रही है क्योंकि मैं हमेशा अपने भाई बहन को पढ़ता लिखता देखता था मैं भी उन्हीं के पदचिन्हो पर शुरू से पढ़ाई की है मैंने जो सपना देखा था वह पूर्ण हुआ है। आकाश की इस उपलब्धि पर पिता आनंदीलाल ने कहा कि मैं सरकारी नौकरी के साथ बच्चों की पढ़ाई पढ़ाई पर विशेष ध्यान दिया है। हर माता-पिता को बचपन से ही बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरित करना चाहिए मैंने अपने चारों बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरित किया साथ ही सुबह शाम उनको पढ़ाया है। तभी मेरे तीन बच्चे सेंट्रल की सर्विस मैं हो गए हैं अब केवल सबसे छोटा पुत्र असिस्टेंट प्रोफेसर की तैयारी जबलपुर में कर रहा है आकाश पढ़ने में काफी होशियार था जिसने 10 एवं 12वीं में जिले में टॉप किया है।

### आदिवासियों के गाँव पण्डा का प्राथमिक स्कूल के हाल बेहाल

# बरसात में बैठने लायक नहीं है शाला का भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह





जिस तरह से आदिवासी जनसंख्या बाहुल्य हिण्डोरिया वार्ड नं. 01 के गाँव कंचनपुरा के प्रायमरी स्कूल के बच्चों के बैठने आज तक शिक्षा विभाग व्दारा कोई भवन स्वीकृत नही किया गया। एवं जिस तरह से ग्राम पंचायत छापरी ठाकुर के गाँव खैरूआ एवं छापरी ठाकुर के प्रायमरी शाला के बच्चों के लिये शिक्षा विभाग ने शाला भवन तो निर्मित कर दिया । मगर आज तक इन दोनों स्कूलों मे दर्ज एवं अध्ययनरत बच्चों के आवागमन के लिए सार्वजनिक सड़क नही बना पाया। ठीक उसी तरह शिक्षा विभाग ग्राम पंचायत मुहली के आदिवासी जनसंख्या बाहुल्य गाँव पण्डा मे संचालित प्राथमिक शाला की दुर्दशा को भी आज तक नही देख पाया- जहाँ शाला के सभी कक्ष जीर्ण शीर्ण होने के चलते बरसाती पानी से लबालब भरे हुये हैं। और बच्चे बैठने की बजाय रोज शाला मे पानी मे ही लगभग खडे.होकर जान जोखिम मे डालकर अध्यापन करने विवश है।

इस संबंध में इसी शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दम्मू सिंह आदिवासी, गाँव के भागीरथ आदिवासी, भगवानदास सिंह आदिवासी, कडोरी यादव ,रघुवीर गौंड , रामलाल यादव आदि ने बताया कि उक्त गरीब, पिछड़े, वंचित,आदिवासी बाहुल्य जनसंख्या वाले ग्राम पण्डा की आबादी लगभग 7-8 सौ है। यहां के बच्चों के लिए शैक्षणिक एवं बौद्धिक विकास के लिए राज्य सरकार एवं शिक्षा विभाग दमोह के द्वारा प्राइमरी स्कूल स्वीकृत होकर वर्षों से संचालित है। उक्त जीर्ण शीर्ण शाला मे वर्तमान में 62 से अधिक बच्चे विधिवत दाखिला लेकर तीन शिक्षकों के सानिध्य मे जान जोखिम मे डालकर अध्यापन कर रहे हैं। बरसाती पानी एवं कीचड़ से बच्चे बीमार हो रहे हैं। बरसात मे कुछ ग्रामीणों ने अपने बच्चों को स्कूल ना भेजने तक की बात कही। म. प्र. एकता परिषद के पूर्व राज्य समन्वयक सुजात खान ने पण्डा क्षेत्र भ्रमण से प्राप्त अनुभव के आधार पर बताया कि उक्त शाला के पास वर्तमान मे मात्र 03 भवन मौजूद है ! जिनमे प्राइमरी शाला लगती है। वर्तमान में बरसात का मौसम चल रहा है। शाला के उक्त तीनों कमरे आज जीर्ण-शीर्ण एवं बहुत ही दयनीय अवस्था में हैं। बरसात का पानी सभी कमरों मे भरा हुआ है। शाला का फर्श खडे. होने तक के लायक नही है। सभी भवनों की दीवारों में पानी भीतर लगातार भर रहा है । दीवार एवं छाप भी जगह-जगह से फूल कर टूट कर उखड़ रही है । हर कमरे की छज्जा से जगह-जगह से पानी टपक रहा है । बरसाती पानी की एक बूंद बाहर नही जा रही है। किसी भी समय कोई भी अनहोनी घटना बच्चों के साथ शाला मे हो सकती है। क्योंकि शाला के शिक्षक मजबूरी बस शाला भवन की छत के ऊपर बरसाती डालकर शाला भवन की छत को टपकने से बचाने , शाला भवन को बैठने के लायक बनाने का सतत भागीरथी प्रयास कर रहे हैं।शाला मे बच्चों को इन दिनों रोज लगभग खडे. खड़े मजबूरन अध्यापन करना पड़ रहा है। अर्थात इस तरह से कुव्यवस्था के साथ गरीब आदिवासियों के बच्चों को दी जाने वाली प्राथमिक शिक्षा भी एक तरह से जोखिम भरा मजाक बना दी गई है। इस मानव निर्मित आपदा के संबंध में ग्राम पंचायत में भी प्रस्ताव पास कर ग्रामीणों द्वारा जबाबदार विभाग को भेजा गया है। वही शाला के प्रधानाध्यापक जितेंद्र सिंह लोधी ने बताया कि हम शाला के वरिष्ठ कार्यालय एवं शिक्षा विभाग दमोह के सभी जवाबदार अधिकारियों से 2021 से कई बार इस संबंध में पत्राचार, मौखिक चर्चा एवं कार्यवाही कर रहे हैं। किंतु समस्या जस की तस बनी हुई है। श्री लोधी ने कहा कि हमें मजबूर होकर शाला की छज्जा पर बरसाती खरीद कर एवं उसे छज्जा पर डालकर बच्चों को पढाऩा पड़ रहा है। साथ ही हमे शालेय कागजात ,किताबें एवं दस्तावेजों को सहेजना-बचाना भी मुश्किल हो रहा है। जन संगठन एकता परिषद एवं अनेक ग्रामीणों जनों ने उक्त प्राथमिक शाला के भवन की समस्या का हल ना होने पर शीघ्र जन आंदोलन करने एवं शाला से बच्चों के बहिष्कार की चेतावनी दी है।

### खबर का असर, प्रशासन हुआ सक्रिय....

## शांतिधाम सिग्रामपुर मार्ग के नाले पर बनेगा स्लैब कल्वर्ट, जंप सीईओ ने भेजा एस्टीमेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर



सिंग्रामपुर ग्राम मुक्तिधाम पहुंच मार्ग पर अत्योष्टि के लिए लोग घुटनो तक नाले में भरे पानी से होकर निकलने की खबर प्रकाशित होने के बाद जिला प्रशासन हरकत में आया है और कलेक्टर जिला पंचायत सीईओ के निर्देश पर आज जंप जबेरा सीईओ डॉ आर पी पटेल सहायक यंत्री शिवा जी पूरी टीम ने ग्राम पंचायत सिंग्रामपुर पहुंचकर सिग्रामपुर मुख्य मार्ग से शांतिधाम खर्राघाट एवं भोजपुरा हार की सड़क के बीचोबीच फलको नाला जहां पर नाले में माह मार्च तक पानी रहता है एवं बरसात में अंतिम संस्कार, कृषि कार्य हेतु आवागमन में असुविधा को ध्यान में रखते हुए सहायक यंत्री के साथ निरीक्षण किया गया और माप कर स्लैब कल्वर्ट का प्राक्कलन तैयार किया गया। जिसकी लागत 40.61 लाख है। उक्त कार्य तत्काल स्वीकृत के लिए जिला प्रशासन को भेजा गया है जिससे ग्रामवासियों को अंतिम संस्कार, कृषि कार्य हेतु आवागमन में सुविधा हो सके।

## बारिश के बीच खोद कर छोड़ दी पुलिया



**तेन्दूखेड़ा।** तेंदूखेड़ा नगर में जबलपुर मार्ग पर हाईस्कूल के सामने वार्ड क्रमांक 8 में नगर परिषद द्वारा एक पुलिया का निर्माण कार्य कराया जा रहा है लेकिन ठेकेदार द्वारा पुलिया निर्माण कार्य लापरवाही की जा रही है। बीते एक हफ्ते से पुलिया को खोद कर खुला छोड़ दिया गया है। अब पुलिया हादसों को निमंत्रण दे रही है। दरअसल यहां कुछ दिन पूर्व कराए गए एक नाली निर्माण कार्य के बाद यहां एक पुलिया निर्माण ठेकेदार द्वारा किया जाना है। ऐसे में उक्त स्थान की पुरानी पुलिया को तो तोड़ दिया गया लेकिन नई पुलिया निर्माण की ओर पिछले एक सप्ताह से ध्यान नहीं दिया जा रहा है। हालातो के चलते यहां खतरे का अंदेशा बन गया है और बच्चे भी यहां कई बार गिर चुके हैं। ऐसे में वार्डवासियों की यह मांग है कि इस कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण कराया जा सके ताकि कोई अप्रिय स्थिति ना बने लोगों का आरोप है कि नगर परिषद द्वारा नगर में अनेक निर्माण कार्य तो कराए जा रहे लेकिन इन निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जा रहा है ना ही निर्माण कार्य में गाइडलाइन अनुसार कोई भी कार्य कराए जा रहे हैं जो भी निर्माण कार्यों को कराया जाता है वो चंद महीनों में ही भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ जाते हैं और फिर कोई कार्रवाई नहीं होती है। इस संबंध में नगर परिषद सीएमओ प्रेम सिंह चौहान का कहना है कि पुरानी पुलिया से जल निकासी सही तरीके से नहीं हो रही थी। जिसके चलते ठेकेदार से पुलिया को गहरा कर उसे सही करने के लिए कहा गया है, ठेकेदार से कहकर इसे जल्द ही इसे पूर्ण कर दिया जाएगा।

## अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्तियों के विधिक अधिकारों को दिलाये जाने हेतु कार्य करें पी.एल.व्ही.-प्रधान न्यायाधीश

**दमोह।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आनंद कुमार तिवारी की अध्यक्षता में आज ए.डी.आर. भवन में पैरालीगल वालेंटियर्स के साथ बैठक का आयोजन किया गया। प्रधान जिला न्यायाधीश श्री तिवारी ने पैरालीगल वालेंटियर्स को बताया कि आप निःस्वार्थ भाव से समाज के कमजोर, पिछड़े वर्ग एवं समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े हुये व्यक्तियों के विधिक अधिकारों को दिलाये जाने में संवेदनशील होकर सहायता करें, जिससे कि हम ऐसे व्यक्तियों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ सकें। उन्होंने सभी पैरालीगल वालेंटियर्स को एकजुट होकर कार्य करते हुये जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को अधिक ऊंचाई तक ले जाने हेतु प्रोत्साहित किया तथा सौंपे गये कार्य को निष्ठापूर्वक संपादित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये गये। इस अवसर पर जिला न्यायाघीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धर्मेश भट्ट, जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया एवं पैरालीगल वालेंटियर्स प्रभात सोनी, मोहनी परिहार, जयदेव प्रसाद विश्वकर्मा, कृष्णा जरोलिया, अजय सिंह, अजय पटैल, राममिलन कुर्मी, सविता ठाकुर, संजय सेन, साहिस्ता सुल्तान, मिथिलेश कुमार मिश्रा, दिनेश सिंह रोहित, रूपेन्द्र सिंह, आस्था सिंह राजपूत एवं दिलीप पटैल उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रधान जिला न्यायाधीश श्री तिवारी द्वारा पैरालीगल वालेंटियर्स द्वारा पूंछे गये प्रश्नों के समाधानकारक उत्तर सुझाये गये।

## क्षेत्रीय कार्यकारिणी की बैठक एवं कार्यशाला आज

**पटेरा।** श्री बड़े बाबा जैन मिलन शाखा पटेरा के तत्वाधान में भारतीय जैन मिलन क्षेत्र क्रमांक की क्षेत्रीय कार्यकारिणी की बैठक एवं क्षेत्र की शाखाओं के अध्यक्ष मंत्री कोषाध्यक्ष प्रचार प्रभारी की कार्यशाला आज रविवार को शांति भवन कुंडलपुर में प्रातः 10 बजे से आयोजित की गई है। इसमें क्षेत्र प्रभारी व राष्ट्रीय मंत्री कमलेन्द्र जैन मुख्य अतिथि रहेंगे। आर के जैन, चंद्रकुमार सराफ, नेमकुमार सराफ, यू सी जैन मुख्य अतिथि के साथ दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ करेंगे। आयोजक शाखा अध्यक्ष नरेन्द्र जैन बजाज ने बताया कि 50 शाखाओं से 200 प्रतिनिधि भाग ले रहे है।

## श्रीमद् भागवत कथा 14 जुलाई से

**दमोह।** स्थानीय अथाई आमचौपरा मार्ग जबलपुर नाका पर स्थित राधाकृष्ण मंदिर परिसर में दिव्य भव्य श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 14 जुलाई से प्रारम्भ होगा जिसमें दिव्य भव्य गुरू पूर्णिमा महामहोत्सव 21 जुलाई को होगा। सप्ताह ज्ञान यज्ञ आषाढ़ शुक्ल अष्टमी रविवार से आषाढ़ शुक्ल चतुर्दशी शनिवार 14 जुलाई से 20जुलाई तक चलेगा कथा का वाचन आचार्य पंडित रवि शास्त्री जी महाराज करेगें कथा के मुख्य यजमान दुर्गा यादव ने बताया कि दीक्षा मंत्र कार्यक्रम गुरू पूर्णिमा 21 जुलाई को प्रातरू 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक एवं कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 7 बजे तक होगी जिसमें आप सभी भक्त कथा श्रवणार्थ सादर आमंत्रित है।

## बैक बाउंस के आरोपी 6 माह का कारावास व जुर्माना

**दमोह।** न्यायिक दण्डाधिकारी सुश्री तसलीम निजामी द्वारा चैक बाउंस के मामले में आरोपी का दोषी मानते हुये 6 माह का कारावास एवं 3,65,854 रूपये क्षतिपूर्ति राशि दिये का आदेश पारित किया। अधिवक्ता मनीष चौबें ने बताया कि मामला इस प्रकार है कि परिवादी राकेश जैन बल्द हुकुमचंद जैन पलंदी चौराहा दमोह आरोपी मूरत सींग पिता सुद्धम सींग निवासी खिरिया मंडला आपस में मित्र है दोनो के मधुर संबंध थे इसी संबंधों के कारण आरोपी ने माह जनवरी 2019 में परिवादी से की व्यवसायिक आवश्यकता बताकर 2,50,000 रूपये की राशि उधार मांगी परिवादी में संबंधों के कारण आरोपी की आवश्यकता उस समक्ष 2,50,000 रूपये उधार दिये कुछ दिनों वाद परिवादा ने अपने रूपयों की मांग की उसने 2,50000 रूपये का एक चैक परिवादी को दिया परिवादी ने जब बैंक में बैक लगाया तो बैंक में राशि नहीं होने परिवादी को रूपये नहीं मिले तो बैक बाउंस हो गया परिवादी ने झाकी सूचना आरोपी को दी परंतु सूचना के बाद भी आरोपी ने रूपये नहीं दिये तो परिवादी ने आरोपी के विरूध न्यायालय में केश लगाया न्यायायल में दोनों पक्षों की साक्ष्य होने के बाद तर्क सुनकर आरोपी मूरत सींग पिता सुदूधम सींग को परिवादी राकेश जैन के उधार पैसं नहीं देने और खाते में पैसे नहीं होने के बाद ही बैंक जारी करने का दोषी मानते हुये 6 माह का कारावास और 3,65,854 रूपये क्षतिपूर्ति के रूप में दिये जाने का आदेश पारित किया मामले में परिवादी की और से पैरवी अधिवक्ता मनीष चौबे ने की।